मेरी आवाज सुनो...

तालाब की नहीं हुई सफाई जलभराव से लोग परेशान



खट्टा प्रहलाद में गंदगी से अटा तालाब।

खट्टा प्रह्लादपुर गांव में पुलिस के समीप तालाब की 40 साल से सफाई नहीं हुई है। इससे तालाब में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। सफाई नहीं होने के कारण पानी निकासी तक नहीं हो पाती है और जलभराव होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में मच्छर पनपने से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों व अफसरों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान तक नहीं हो रहा है। इससे लोगों में रोष है। अफसरों को संज्ञान लेकर समस्या का समाधान कराना चाहिए। -खादाम, खट्टा प्रह्लादपुर

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो।

मेल आईडी

mrt-dakincharge@mrt.amarujala.com

व्हाट्सएप - 9193786726

निर्माण के दो साल बाद ही टूट गई सड़क, लोग हो रहे परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

रमाला। कासिमपुर खेड़ी से अशरफाबाद थल गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की सड़क निर्माण होने के दो साल बाद ही टूट गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग की मरम्मत न होने से लोगों ने रोष जताया और अफसरों पर इसे ठीक नहीं कराने का आरोप भी लगाया।

कासिमपुर खेड़ी गांव के रहने वाले किसान विरेश, वीरेंद्र, जयपाल और विजय आदि ने बताया कि संपर्क मार्ग से रोजाना अधिकांश किसान अपने

कासिमपुर खेड़ी-अशरफाबाद थल गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की मरम्मत नहीं होने से रोष

पड़ताल

खेतों में जाते हैं। दो साल पहले कई बार शिकायतें करने के बाद संपर्क मार्ग की सड़क बनवाई गई थी।

इससे किसानों को काफी सुविधा मिली, लेकिन बनने के दो साल बाद ही सड़क जगह-जगह से टूट गई,



जर्जर हालत में कासिमपुर खेड़ी से अशरफाबाद थल मार्ग। संवाद

जिससे सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब चीनी मिलें चलने पर गन्ना भी भेजा जाएगा, ऐसे में सड़क पर कभी भी हादसा हो सकता है। गन्ना सीजन शुरू होने से पहले ही सड़क का निर्माण कराया जाए। जल्द ही मार्ग का निर्माण नहीं कराया तो कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत करेंगे।



संपर्क मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण किसान परेशान हैं। गन्ने का सीजन शुरू होने से पहले सड़क की हालत ठीक कराई जाए। -राजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान कासिमपुर खेड़ी



दो साल पहले बनी सड़क में गड्ढे हो चुके हैं। अधिकारी जल्द ही पूरे मामले की जांच कराएं और सड़क की मरम्मत कराएं। जल्द ही लोगों की समस्या का समाधान कराया जाए। -चौधरी ओमप्रकाश सिंह, कंडेरा

कासिमपुर खेड़ी-अशरफाबाद थल संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलने पर मार्ग का चौड़ीकरण करा दिया जाएगा।
-मनु प्रताप, अवर अभियंता, लोक निर्माण विभाग

आंगन मिलन सेवा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र दिए

विकास भवन परिसर में लगाए गए स्टॉल, योजनाओं की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बागपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को विकास भवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कार्यक्रम किया गया। वहां नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। साथ ही विभागीय योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडवोकेट अंकित लपराना व जिला कार्यक्रम अधिकारी मानेंद्र मिश्रा ने किया। बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली उत्कृष्ट महिला सलमा, तनु, स्वाति, हिना को मिठाई खिलाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

वहीं हेल्दी बेबी प्रतियोगिता में चयनित बच्चे रियांश, अयांश, इशिका, केशरी को मुख्यमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र, किताबें और खेल-खिलौने दिए गए। आंगनबाड़ी रश्मि शंकराचार्य, ममता,



विकास भवन में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित आंगन का उत्सव कार्यक्रम में आंगनबाड़ी को साड़ी देकर सम्मानित करते अधिकारी व अतिथि। संवाद

प्रेमलता और राकेश आदि को अच्छा कार्य करने पर साड़ी दी गई।

वहीं नवचयनित 20 आंगनबाड़ी अनुराधा, हिमांशी, दीपा, काजल और संगीता आदि को नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में गर्भवती महिला पायल, सोनिया, पूजा, शालू, अफसाना की गोदभराई व बच्चे नूर, अजमद का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार, सीडीपीओ गोरखनाथ पांडे और भाजपा नेता पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान केंद्रों पर 28 से बंद रहेगी ओपीडी

बागपत। जिले के 200 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सोमवार से मरीजों को उपचार नहीं मिलेगा, क्योंकि सभी मेडिकोज अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। इससे मरीजों को उपचार के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने सीएमओ डॉ. तीरथलाल को नौ मांगों का ज्ञापन सौंप और कहा कि वह 28 सितंबर से लखनऊ में होने वाले धरने में शामिल होने के लिए जाएंगे। सीएचओ विजयपाल, पुलकित और संजय नागर आदि ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद लंबे समय से उनकी सेवा शर्तों, मानदेय और अन्य सुविधाओं से जुड़ी मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव (पीबीआई) को आसान से देने के बजाय मूल मानदेय में शामिल कर एकमुश्त भुगतान किया जाए। इसके अलावा 60 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय व 4800 ग्रेड पे के समकक्ष वेतनमान, नियमित कर्मचारियों की तरह पारदर्शी वार्षिक स्थानांतरण नीति और चुनाव सीएचओ कैडर बनाकर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई। संवाद

प्रदेश में अपराधियों का सफाया अब कानून का राज : धामा



संबोधित करते विधायक योगेश धामा। फोटो : आपूर्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

अग्रवाल मंडी टटीरी। कस्बे के वार्ड नंबर एक में एक करोड़ रुपये से बनाई गई तीन सड़कों का भाजपा विधायक योगेश धामा ने शनिवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को योगी सरकार में अब अपराधियों का सफाया हो चुका है और अब यहां कानून का राज चलता है। पुलिस अपराधियों का सफाया करके प्रदेश को अपराध मुक्त कर रही है। इससे लोगों को सुरक्षित माहौल मिल रहा है। भाजपा सरकार में हर वर्ग को सम्मान व सुरक्षा देने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, युवाओं को रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं।

पूर्व की सरकारों में सिर्फ अपराधियों का बोलबाला था और विकास की तरफ ध्यान तक नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से क्षेत्र का विकास कराया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान मनोज एडवोकेट, अमित एडवोकेट, नौरत चौधरी, हिम्मत सिंह, अरविंद शर्मा, संता देवी, मनोज सिंघल, अमित रोहिल्ला और सभासद विनोद ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

ऑपरेशन कर बच्चे के गले से सीटी निकाली

रमाला। दिल्ली के निजी अस्पताल में फतेहपुर चक गांव निवासी रविंद्र के बेटे आयुष के गले में फंसी प्लास्टिक की सीटी निकालने के लिए शुक्रवार रात चिकित्सकों ने ट्रकोस्टोमी से ऑपरेशन किया। जहां एक घंटे ऑपरेशन के बाद सीटी को निकाल लिया गया। रविंद्र ने बताया कि आयुष के गले में 80 घंटे तक सीटी फंसी रही, जिसे सांस लेने में परेशानी होनी लगी थी। आयुष की हालत अब ठीक है, जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। संवाद

अपराध संक्षेप

ट्रकों की भिड़ंत होने पर केबिन में फंसा चालक

रटौल। मथुरा निवासी ट्रक चालक सुनील ने बताया कि शनिवार को वह पंजाब के अंबाला में ट्रक में लदकोल लेकर वापस जा रहा था। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर जैसे ही रटौल अंडरपास के समीप पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे उसका ट्रक आगे चल रहे ट्रक से भिड़ गया। हादसे में चालक सुनील घायल घायल हो गया और क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गया। राहगीरों की सूचना मिलने पर आए पुलिसकर्मियों और हाईवे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद जिला अस्पताल में उपचार कराया। इस मामले में सीओ रोहन चौरसिया का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

युवक पर लोहे की रॉड से हमला किया

बिनौली। दरकादा गांव निवासी राशिद ने बताया कि शुक्रवार को एक गांव के ही मजिद, अमन और एक अज्ञात युवक अपनी स्कॉरपियो गाड़ी को लेकर आए, जिन्होंने उसके घर पर बिजली की केबल तोड़ दी। उसने घर के बाहर जाकर विरोध किया तो तीनों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पिटाई से घायल होकर जमीन पर गिर गया और मोहल्ले के लोगों ने उसे बचाया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सीएचसी में घायल का उपचार कराया। इस मामले में जांच अधिकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार का कहना है कि शनिवार को प्रार्थनापत्री दर्ज कर ली गई है, इसमें जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

बिजवाड़ा में युवक को पीटा

बिनौली। मामूली कहासुनी को लेकर बिजवाड़ा गांव में शिवराज के साथ मारपीट कर दी गई। घायल शिवराज का सीएचसी में उपचार कराया और उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में जांच अधिकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

दुष्कर्म के दो मामलों में आरोपी गिरफ्तार

दोघट। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी समीर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा एक अन्य गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी सागर निवासी बिजरौल को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में जांच अधिकारी थाना प्रभारी केवल सिंह का कहना है कि शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। संवाद

किशोरी समेत दो ने जहरीला पदार्थ निगला

बागपत। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी ने शुक्रवार रात घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इसके अलावा रात में ही एक अन्य गांव के युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विजय प्रकाश का कहना है कि जहरीला पदार्थ निगलने का मामला जानकारी में नहीं है और न ही कोतवाली में शिकायत की गई। संवाद

चौराहे का नामकरण गुरु गोरखनाथ के नाम पर हो

बड़ौत। अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नगर पालिका में राज्यमंत्री केपी मलिक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिले के एक चौराहे का नाम गुरु गोरखनाथ के नाम पर रखने की मांग उठाई। संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि चौराहे का नामकरण करने के साथ गुरु गोरखनाथ के नाम का शिलापट लगवाया जाए और उस चौराहे का सुंदरीकरण भी कराया जाए। वहीं राज्यमंत्री ने मांग से शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. सन्नी उपाध्याय, ब्रजेंद्र उपाध्याय, दिनेश कुमार, विनोद कुमार और प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे। संवाद

किसानों की अनदेखी कर रही प्रदेश सरकार : तालियान

दोघट। कान्हड़ देवी मंदिर परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरने को समर्थन देते हुए संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा संगठनक सुधीर तालियान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों की दुर्दशा पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है। उनकी गन्ना फसल तैयार करने में जो लागत आ रही है, सरकार उस लागत को ध्यान में रखकर गन्ना भाव तय करे। यदि जल्द ही मांगें को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसान अधिकार आंदोलन के संगठनक नरेंद्र राणा ने कहा कि चौगामा की नहरों में पानी छोड़ा जाना जरूरी है क्योंकि नहरों के सहारे ही किसान खेतों में फसलों की सिंचाई करते हैं। इस मौके पर चैनपाल, मिंटू सहरावत, इंद्रपाल, देवेंद्र आर्य, राजेंद्र और रामू आदि मौजूद रहे। संवाद

पहले से ज्यादा गन्ना मूल्य होना चाहिए

बड़ौत। रालोद के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष केसी त्यागी ने कहा कि गन्ना मूल्य पहले से ज्यादा होना चाहिए। उससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस बार हापुड़ जिला स्थित पैतृक गांव मूरपुर में 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई जाएगी। सिंभावली में एक रैली भी की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आएंगे।

रालोद नेता केसी त्यागी नगर के बिजरौल रोड स्थित पूर्व विधायक डॉ महक सिंह का हाल जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रालोद और भाजपा मिलकर मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और अधिक सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन



पत्रकार वार्ता करते रालोद के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष केसी त्यागी। संवाद

में बूथ कैप्चरिंग होती थी, मगर अब ऐसा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जयंती इस बार पूरे साल मनाई जाएगी।

23 दिसंबर से शुरू होकर आगामी एक वर्ष तक रैली और सभा आदि जनसंपर्क के कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर विधायक डॉ अजय कुमार, रालोद जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष गुर्जर, मास्टर मनोज, सुरेश राणा और चंचली तोमर आदि मौजूद रहे।

दिवाली से पहले ट्रायल के लिए खोला जाएगा ओवरब्रिज

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर अग्रवाल मंडी टटीरी में बन रहा रेलवे ओवरब्रिज

अग्रवाल मंडी टटीरी। मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे पर अग्रवाल मंडी टटीरी में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का शनिवार को सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर के अनुसार दिवाली से पहले ओवरब्रिज ट्रायल के लिए खोल दिया जाएगा।

सांसद ने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण के कारण रास्ता बंद रहने से वाहन चालकों व जनता को काफी परेशानी होकर आना जाना पड़ रहा है। रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर सुनील कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो गया है और अब केवल सड़क बनाने का कार्य रह गया है। उनके अनुसार नवरात्रों में यह कार्य पूरा हो जाएगा और दिवाली से पहले इसे ट्रायल के लिए खोल दिया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता चौधरी हिम्मत सिंह ने कहा कि निर्माण के कारण काफी परेशानी जनता को उठानी पड़ रही है, इसलिए इसको शुरू करना जरूरी है। इस दौरान राजू तोमर सिरसली, रोहित प्रधान, निसार अहमद, पवन कुमार और संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण करते सांसद डॉ.राजकुमार सांगवान। फोटो : कार्यालय

लहचौड़ा में उखाड़कर छोड़े गए मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

रटौल। लहचौड़ा गांव में तीन महीने से टूटे पड़े 200 मीटर मार्ग का निर्माण कार्य शनिवार से शुरू हो गया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।

लहचौड़ा गांव में तीन महीने पहले 200 मीटर मार्ग उखाड़कर छोड़ दिया गया था। इसके कारण वहां जलभराव होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी और बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। जलभराव के कारण मकानों में दरारें आ रही थीं।

अमर उजाला के संवाद न्यूज एजेंसी के 25 सितंबर के अंक में मार्ग उखाड़कर छोड़ा, जलभराव से आई



लहचौड़ा गांव के मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य करते मजदूर। संवाद

मकानों में दरार शीर्षक के साथ प्रकाशित की थी।

खबर के प्रकाशित होने के बाद ग्राम पंचायत ने मार्ग का निर्माण शुरू करा दिया है और मार्ग का निर्माण शुरू होने से लोगों को जलभराव से निजात मिलेगी। एडवोकेट कृष्ण शर्मा, ओमपाल, हरिमोहन, विकास, ईश्वर दयाल आदि ने बताया कि मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है और जलभराव की समस्या दूर होगी।

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166

सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

कार्यालय नगर पंचायत किठौर जनपद मेरठ

पत्रांक- 452/फर्म रजि. / पी.एम.ई.जी.पी. / 2026-27 दिनांक- 26.09.2026

-:ई-टेण्डर निविदा विज्ञप्ति सूचना:-

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना प्राक्कलन धनराशि से चयनित एवं स्वीकृत कार्यों को सम्पादित कराने हेतु निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 21.10.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। ई-निविदा अथवा सभी ई-निविदाएँ बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। समर्पित निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। निविदाओं का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेंट की वैबसाईट https://www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

कार्यों की निविदा स्वीकृत, अनैक्ट मशीनरी, एवं निविदा शुल्क जमा का प्रमाण कार्यालय नगर पंचायत किठौर में जमा करने की अन्तिम तिथि	21.10.2026 की अपराह्न 4:00 बजे
कार्यों की निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि	28.09.2026 से 21.10.2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक।
कार्यों की निविदा खोलने की तिथि	21.10.2026 की अपराह्न 4:00 बजे।

नोट:- ई-निविदा प्रक्रिया में होने वाले किसी भी प्रकार के बदलाव / संशोधन को केवल ई- प्रिक्योरमेंट की वैबसाईट https://www.etender.up.nic.in पर ही देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत किठौर मेरठ — अध्यक्ष, नगर पंचायत किठौर मेरठ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

सरफेसी अधिनियम के अनुसार, ऋणी/गारन्टर/ बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा, गांधी रोड, बड़ौत, जिला- बागपत- 250611 (उ0प्र0), भारत
मो0 नं0: 8477009481, ई-मेल: baraut@bankofbaroda.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओं और प्रत्याभूति-दाताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा, द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित चुक कर्ताओं से वसूली हेतु नीलाम किया जायेगा। उधारकर्ता(ओ)/बंधककर्ता/गारन्टर(ओ)/सुरक्षित परिसंपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लेख किया गया है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणकर्ता/गारन्टर/बंधककर्ता के नाम	ज्ञात ऋणभार सहित अचल संपत्ति का विवरण यदि कोई बंधक हो	कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	रिजर्व मूल्य / ईएमडी मूल्य / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (भौतिक/रचनात्मक)	संपत्ति का निरीक्षण और समय
1.	शाखा: गांधी रोड, बड़ौत, बागपत 1. श्री शहनवाज पुत्र हकीम (उधारकर्ता)। 2. श्रीमती असमा पत्नी शहनवाज (सह-उधारकर्ता)। 3. श्री अजीम अहमद पुत्र हफीज अहमद (गारंटर)।	बंधक आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल 51.09 वर्ग मीटर है, श्रीमती असमा एवं श्री शाहनवाज के नाम पर स्थित है, जो मकान संख्या 11/741, पट्टी बारू, मोहल्ला विजय नगर, गली नं. 7, गुराना रोड, नगर पालिका परिषद बड़ौत की सीमा के अंतर्गत, परगना एवं तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश में स्थित है। जिसकी सीमाएं निम्नवत हैं- पूर्वः अमित शर्मा का मकान, पश्चिमः 10 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः रामबीर का मकान, दक्षिणः नाला।	रु0 11,22,427.87 (रुपये ग्यारह लाख बाईस हजार चार सौ सत्ताई एवं सतासी पैसे मात्र) + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 30.11.2025	07.11.2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य- रू. 13,00,000/- ईएमडी मूल्य- रू. 1,30,000/- बोली राशि- रू. 10,000/-	रचनात्मक कब्जा	30.11.2026 दोपहर 03.00 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच
2.	शाखा: गांधी रोड, बड़ौत, बागपत 1. श्री सुनील दीक्षित पुत्र जगदीश प्रसाद (ऋणी एवं बंधककर्ता)। 2. श्रीमती कविता पत्नी सुनील दीक्षित (सह-ऋणी)।	बंधक आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल 50.54 वर्ग मीटर है, श्री सुनील दीक्षित पुत्र जगदीश प्रसाद के नाम पर स्थित है, जो खसरा नं. 1127 एवं 1128, आबादी मोहल्ला, सैनी एन्क्लेव (मोहल्ला आजाद नगर के निकट), पट्टी बारू, टाउन बड़ौत, परगना एवं तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश में स्थित है। जिसकी सीमाएं निम्नवत हैं: पूर्वः आकाश शर्मा का मकान, पश्चिमः जयवीर का प्लॉट, उत्तरः 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः हरदन का प्लॉट।	रु0 12,92,231.76 (रुपये बारह लाख बानवे हजार दो सो इक्तीस एवं छहत्तर पैसे मात्र) + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 30.06.2025	07.11.2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य- रू. 12,40,000/- ईएमडी मूल्य- रू. 1,24,000/- बोली राशि- रू. 10,000/-	रचनात्मक कब्जा	30.11.2026 दोपहर 03.00 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच

*नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in एवं https://baanknet.com देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी, सम्पत्ति नं0 मो0 8477000398 विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यह QR कोड स्कैन करें:-

दिनांक: 26.09.2026 — स्थान- बड़ौत — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा

बड़ी खबर से कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर